# मोहयाल मित्र

**सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्ः।।**


## शिव खोड़ी

खोड़ी का अर्थ है गुफा! शिव खोड़ी यानि शिव गुफा शिव खोड़ी जम्मू के रियासी जिले में स्थित हैं। यह भगवान शिव की आस्था स्थली हैं। यह पवित्र गुफा 150 मीटर लंबी हैं। यह गुफा बहुत सकरी है। कहीं–कहीं तो इतनी सकरी (छोटी) है कि लगता है कि आगे जा पाना असम्भव है परन्तु शिव कृपा मोटे पतले सभी पार हो जाते हैं। इस गुफा में भगवान शिव का 4 फीट ऊँचा प्राकृतिक शिव लिंग है। इस शिव लिंग पर जल की धारा (प्राकृतिक) सदैव गिरती रहती हैं।

ऐसी धार्मिक आस्था है कि इस गुफा में रखी शिव पिण्डियों के दर्शन से हर मनोकामना पूरी हो जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इस गुफा को स्वयं भगवान शिव ने ही बनाया है।

ऐसी कथा है कि भस्मासुर ने भगवान शिव को प्रसन्न करके वर मांगा कि जिसके सिर पर हाथ रखे वह भस्म हो जाएँ। वर मिलते ही वह भगवान शिव के सिर पर हाथ रखने के लिए आगे बढ़ा। फिर दोनों में भीषण युद्ध हुआ। भगवान शिव बचने के लिए इसी गुफा में छिपे थे। भस्मासुर का अन्त भगवान विष्णु ने स्त्री रुप धारण कर किया। भस्मासुर ने उन पर मोहित होकर उनके साथ नृत्य किया। नृत्य के समय उसने हाथ को जैसे ही अपने सिर पर रखा वह भस्म हो गया।

इस गुफा में पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, नन्दी की पिण्डियाँ भी हैं। इस गुफा का दूसरा सिरा अमरनाथ गुफा में निकलता हैं।

शिव खोड़ी के लिए 3.5 किलोमीटर पैदल या खच्चर पर यात्रा करनी पड़ती हैं।


***विरेन्द्र कुमार छिब्बर,*** *ज्योतिष आचार्य,*

*EA-94, इन्द्रपुरी, नई दिल्ली 110012*

*मो. 9818094655*





PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor


## जन्मदिन पर बधाई



**पंकज बाली** (प्रधान मोहयाल यूथ विंग अम्बाला) सुपुत्र श्रीमती आशा बाली व विरेन्द्रपाल बाली पड़पौत्र स्वर्गीय रायज़ादा अनन्तराम बाली व श्रीमती शकुन्तला बाली निवासी 43 प्रेम नगर, अम्बाला शहर हरियाणा के जन्मदिन दिनाँक 28.06.2018 के उपलक्ष्य में 250 रुपए मोहयाल सभा अंबाला व 250 रुपए जनरल मोहयाल सभा में स्वर्गीय रायज़ादा अनन्त राम बाली मैमोरियल विधवा फंड में भेंट किए।

***शिवराजन दत्ता,*** *महासचिव मोहयाल यूथ विंग अंबाला*

## विवाह की 51वीं वर्षगांठ पर बधाई



**श्रीमती शांति दत्ता और श्री सी.पी. दत्ता** (लक्ष्मीनगर, दिल्ली–110092) की 51वीं वर्षगांठ 14 अगस्त 2018 को धूमधाम से मनाई गई। उनके दामाद श्री राजेश छिब्बर, बेटी अनु छिब्बर, रीमा दत्ता (कपूर), सुनील कपूर, पोता–अर्वाध्यान कपूर, पोतियाँ–आरुशी, हरआशी सबने खुशियाँ मनाईं। हमारे हरिद्वार में रहने, गाड़ी से जाने का इंतजाम भी किया। बच्चों ने कहा दो दिन मोहयाल आश्रम में शांति से रहकर आओ।

***सी.पी. दत्ता,*** *जॉयट सेक्रेटरी, मोहयाल सभा यमुनापार, दिल्ली। फोनः 22532481*

### बेसहारा लड़कियाँ

डर से भाग रही थी वो,
पुलिस कर रही थी पीछा।
चोरों का जैसे करते हैं,
इन गरीब लड़कियों का।

कुछ पैसे थी भेज रही वो,
गाँव में अपने घर वालों को।
भूख से बचने का प्रयास ही,
थ अपराध लड़कियों का।

कूद गई वो छत से ऊँची,
पुलिस के हाथों से बचने।
बचने का कोई चाँस नहीं था,
निरपराध लड़कियों का...

***पूरन चंद बाली,*** *सी–1606, ओबेराय हमलेण्डर जे.बी.एल. रोड, जोगेश्वरी (पूर्व) मुंबई 400060 (मो.) 9619569142*

## मोहयाल समाज व मोहयाल युवा वर्ग

मोहयाल समाज में मोहयाल युवा वर्ग का अहम रोल है। हमारा मोहयाल समाज अपने युवा वर्ग पर बहुत गर्व महसूस करता है। हमारा युवा वर्ग इस समाज को आगे शिखर तक लेकर जा सकता है, परन्तु वे तभी सम्भव है जब हम सब स्थानीय मोहयाल सभा की मीटिंग में अपने युवा वर्ग को साथ लेकर आएँ। कुछ सभाओं में तो हमारा युवा काफी बढ़–चढ़ भाग लेता है, मगर काफी पर न के बराबर है। ये हम सबका फर्ज बनता है कि युवा वर्ग को साथ लेकर जाएँ।

मोहयाल प्रार्थना युवा वर्ग से हर सभा में पढ़वाई जाए। युवा वर्ग को हर सभा में कार्य दिए जाएँ। युवा वर्ग के लिए रोजगार के साधन बनाएँ जाए ताकि बेरोजगारी की समस्या का निधान हो सके। आशा है कि आप मेरे हर विचारों से सहमत होंगें। हमारी सर्वोच्च संस्था जी.एम.एस युवा वर्ग के प्रति बहुत सचेत है। समय समय पर वे भी युवाओं के कार्यक्रम करवाती है।

***पंकज बाली,*** *प्रधान मोहयाल यूथ विंग अम्बाला*
*मो. 8950516822*

### त्योहार

गीता का है श्लोक
या रामायण की चौपाई है
छन्द है तू गीत का
या गज़ल की रुबाई है।

रंग सजे हैं इंद्रधनुष के
सात सुरों की सरगम है
रब की दी मुहब्बत
और प्यार का तराना है।

घर बना देवालय
इक तेरे ही पाँव से
मान है अभिमान है
तू पूरे घर की जान है।

तेरी मधुर मुस्कान से
गम दूर हो जाते हैं
देख आँसू आँख में तेरे
हम जीते जी मर जाते हैं।

माँ की छवि है तुझमें
पापा का है प्यार
आँगन की खुशी है तुझसे
तू सबसे बड़ा त्योहार
तू सबसे बड़ा त्योहार।

Written on event of daughters day...... dedicated to all daughters

***राजेश बाली*** *मो. 9968656991*

## "एक ईंट का योगदान"

निर्माणाधीन मोहयाल भवन यमुनानगर के लिए जी.एम.एस. संस्था के आजीवन सदस्य श्री मधुसूदन दत्ता ने एक ईंट का योगदान के रूप में 501 रुपए की धनराशि जी.एम.एस. को प्रदान की है।

***मधुसूदन दत्ता,*** *आजीवन सदस्य जीएमएस*
*282, पॉकेट डी–6, सेक्टर 6, रोहिणी, दिल्ली 110085*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## यमुनापार-दिल्ली



मोहयाल प्रार्थना के साथ मोहयाल सभा यमुनापार की मासिक बैठक 5 अगस्त मोहयाल भवन झील कुरेंजा में 22 सदस्यों के साथ प्रारम्भ हुई। प्रधान श्री सतीश बाली ने सभा की अध्यक्षता की। कैशियर अनिल वैद की माताजी श्रीमती सुदर्शना वैद धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री बलराम वैद के निधन पर सभा ने दो मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परिवार ने मोहयाल सभा यमुनापार और जीएमएस को 500–500 रुपए दान स्वरूप भेंट किए। सेक्रेटरी ने पिछले माह के कार्यवाही पढ़ी जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

सचिव ने सभा के समक्ष एकाउंट्स का ब्यौरा रखा, जिसका सभासदों ने अनुमोदन किया। प्रधान सतीश बाली ने सभा को 15 अगस्त के अवसर पर मोहयाल भवन में एकत्रित होने का निमंत्रण दिया और उसके बाद जल्द ही हरिद्वार जाने का कार्यक्रम बनाने पर बल दिया। संजीव दत्ता अपने भतीजे ध्रुव दत्ता के साथ यमुनाविहार से बैठक में उपस्थित हुए। सभी ने उनका स्वागत किया। इसी प्रकार श्रीमती आरती बाली धर्मपत्नी श्री उमेश बाली भी काफी समय उपरान्त बैठक में आईं। उनका सभी ने स्वागत किया। मोहयाल रतन रायज़ादा बी.डी. बाली का जन्म दिवस 11 अगस्त को है, सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएँ प्रस्तुत कीं और उनके स्वस्थ तथा लम्बी आयु की मनोकामना की।

श्री चंद्रमोहन छिब्बर ने मीटिंग में अपने ऐतराज दर्ज करवाए। उन्होंने कहा 7 वर्ष पूर्व सभा भवन में लगे कुछ चित्रों को हटा दिया गया था। उनका अब क्या किया जाएगा? उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए उपप्रधान विनोद बाली जी ने उत्तर दिया और बताया कि 7 वर्ष पूर्व हटाए चित्रों ने उनके अपने अपने पूर्वज भी शामिल थे। चूँकि चित्र स्पष्ट नहीं दिख रहे थे और धुँधले हो चुके थे इसलिए उन्हें हटाया गया था तथा सुरक्षित कमरे में रखा गया है। प्रधान जी ने बताया कि चित्रों को प्रथम तल पर बने आफिस के कमरे में लगाया जाए। सभा लगातार अपने बुजुर्गों के प्रति विशेष रूप से कृतज्ञ है। 21 जनवरी को हुए मोहयाल मिलन की मुख्य उद्देश्य ही अपने बुजुर्गों को याद करना और सम्मानित करना था। सभा ने सभी बुजुर्गों को याद करते हुए उनके परिवार के सदस्यों को स्मृति चिह्न स्वयं मोहयाल रत्न रायज़ादा बी.डी. बाली और श्री दलीप सिंह दत्ता के हाथों से भेंट किए थे। सभी सदस्यों दोनों हाथ उठाकर सभा के कार्यों की प्रशंसा की।

उपप्रधान श्याम सुंदर मोहन ने बताया कि श्री सी.पी. दत्ता ने शादी की सालगिरह के अवसर पर 51–51 रुपए मोहयाल सभा यमुनापार और जीएमएस को भेंट किए हैं। सभी ने सहसचिव श्री सी.पी. दत्ता और उनकी धर्मपत्नी शांता दत्ता को शुभकामनाएँ प्रेषित की।

श्री दलीप सिंह दत्ता, श्री विनोद बाली, श्री सतीश बाली, उमेश बाली, संजीव बाली, श्री वी.एस. लौ मुख्य दानकर्त्ता रहे। चाय पान के उपरांत प्रधान सतीश बाली ने सभी का धन्यवाद किया।

***सतीश बाली,*** *प्रधान*
*मो. 9211741150*

***संजीव बाली, (बंटी)*** *सचिव*
*मो. 9811758418*

## फरीदाबाद

फरीदाबाद मोहयाल सभा की मासिक बैठक 5 अगस्त 2018 को श्री रमेश दत्ता जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें लगभग 40 भाई बहनों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के बाद श्री रमेश दत्ता जी ने पहली बार आए श्रीमती रवि कान्ता लौ, श्री बृज मोहन जी और शिफाली मोहन जी का स्वागत किया और उन्हें आगे भी आते रहने का अनुरोध किया।

**शोकः** श्री रनवीर मेहता पुत्र श्री स्वर्गीय एम.आर. दत्ता जिनका निधन 1 अगस्त को हुआ सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

रायज़ादा के.एस. बाली ने पिछले माह की रिपोर्ट पढ़ कर सुनाई, जिसका सभी ने हाथ उठाकर अनुमोदन किया। उन्होंने सभी को बताया कि 11 अगस्त को मोहयाल रत्न रायज़ादा बी.डी. बाली जी का जन्मदिन है, समाज के प्रति उनकी सेवाओं के बारे में बताते हुए उनकी दीर्घ आयु की कामना की और कहा कि उनका हाथ हमेशा मोहयाल सभा फरीदाबाद पर बना रहे।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

नगेन्द्र दत्ता वाईस प्रेसिडेंट जी ने सभी को बताया कि श्री सुखदेव दत्ता जी काफी समय से बीमार हैं, साथ ही उन्होंने यह भी याद करवाया की किसी भी मोहयाल मेले का समापन सुखदेव जी के गाने ''जिंद माही बाज़ तेने कुम्लाईया, तेरिया लड़लिया भरजाईया'' से होता था। सभी ने जल्द उनकी अच्छी सेहत की कामना की।

विनय बक्शी जी ने सभी को आग्रह किया कि जिन बच्चों के 60 प्रतिशत से ऊपर 10वीं और 12वीं में नम्बर आए हैं वे जल्द से जल्द हमें अपनी मार्क शीट भेजें ताकि हम जल्द ही बच्चों का प्रतिभाशाली प्रोग्राम आयोजित कर सके।

मिथलेश दत्ता जी ने सभा के लिए निम्न राशि एकत्रित की– शिवम मेहता ने अपने पिता श्री रनवीर मेहता की याद में 1000 रुपए सभा को दिए व 500 रुपए प्रह्लाद बाली ने व 200 रुपए श्री जगमोहन छिब्बर ने सभा को सहयोग राशि के रूप में दिए।

श्री रमेश दत्ता ने सभी को बताया कि नगेन्द्र दत्ता के बेटे नितिन दत्ता का जन्मदिन 20 अगस्त को है। आज के खाने की व्यवस्था उनकी तरफ से है। उन्होंने अपनी और सभा की ओर से नितिन की दीर्घायु की कामना की और बताया कि नितिन का सहयोग मोहयाल सभा फरीदाबाद को हमेशा मिलता रहा है। प्रभु उनको बिरादरी की सेवा करने की और हिम्मत दे।

श्रीमती आशु वैद, गायत्री छिब्बर और श्रीमती दत्ता व और भी लोगों ने देश भक्ति, भाई दूज व नितिन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गाने गाकर सभी का मनोरंजन किया।

श्री रविकान्त लौ ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मैं आज सभा में पहली बार आया हूँ। मोहयाल भाई बहनों से मिलकर बहुत ही अच्छा लगा। मैं अपनी ओर से सभा की प्रत्येक मीटिंग में उपस्थित होने का प्रयत्न करूँगा। मेरा अनुरोध है कि मोहयाल मित्र में छोटे बच्चों की फोटो रंगीन होनी चाहिए ताकि बच्चे अपनी फोटो देखकर खुश हों।

श्री रमेश दत्ता जी ने सभी भाई बहनों का धन्यवाद किया और बताया कि अगले माह की मीटिंग 2 सितंबर को भवन में ही होगी। उन्होंने कहा कि लौ साहब ने बच्चों के रंगीन फोटो के बारे में जो अनुरोध किया वह हम जीएमएस को अवगत कराएँगे। इसी के साथ श्री रमेश दत्ता ने अपनी और सभी की ओर से नगेन्द्र दत्ता का धन्यवाद किया और सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लिया।

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान*
*मो. 9212557095*

***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव*
*मो. 9899068573*

# होशियारपुर



मोहयाल सभा होशियारपुर की एक बैठक प्रधान श्री श्यामसुंदर की अध्यक्षता में मोहयाल भवन न्यू बैंक कॉलोनी ऊना रोड में हुई। इस अवसर पर प्रधान जी ने बताया कि ऋत मोहन, योगेश मेहता, अश्वनी बक्शी जी.एम.एस. ने होशियारपुर मोहयाल सभा का भ्रमण किया तथा बाद में मोहयाल सभा माहिलपुर के बाद नंगल खुर्द वाली गोत्र की सतियों के स्थल पर भ्रमण किया। 150 के लगभग मोहयाल भाई बहन उपस्थित थे।

इस बैठक में दिनेश दत्ता, मनोज दत्ता, वरिंदर दत्त वैद, विजयंत बाली, कुलदीप दत्ता, सशपिंदर बाली उपस्थित थे।

# बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक दिनाँक 05.08.2018 को सभा के प्रधान स. हरदीप सिंह वैद की अध्यक्षता में मोहयाली प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के बाद श्री राजीव दत्त दोसड़का निवासी के निवास स्थान पर हुई। सभा के वित्त सचिव श्री बलदेव सिंह दत्त ने पिछले महिने की कार्यवाही पढ़कर सुनाई जिस पर सभी ने अपनी सहमति प्रकट की।

**स्वास्थ्य कामनाः** श्री शिव कुमार दत्त दोसड़का निवासी पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे हैं। हमारी भगवान से यही प्रार्थना है कि वह शिव कुमार दत्त को शीघ्र अतिशीघ्र स्वास्थ्य प्रदान करें।

**पता परिवर्तन के बारे में:** श्रीमती किरण लता पत्नी श्री भूमि देव वैद जोकि जी.एम.एस. की आजीवन सदस्य हैं व पहले अम्बाला सिटी रहती थी वह अब गाँव सिम्बला पो.ओ. बराड़ा, जिला अंबाला में रहने लगी हैं। उनका पता कृपया नोट किया जाए व मोहयाल मित्र पत्रिका नए पते पर भेजी जाए।

अंत में सभी सदस्यों ने जलपान के लिए श्री राजीव दत्त परिवार का धन्यवाद किया।

***रविन्द्र कुमार छिब्बर,*** *सेक्रेटरी*
*मो. 9466213488*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## कुरूक्षेत्र



मोहयाल सभा कुरूक्षेत्र की मासिक मीटिंग शिव मंदिर सेक्टर 3 में प्रधान संतोष वैद की अध्यक्षता में हुई। मोहयाल प्रार्थना के साथ सभा का आरम्भ हुआ।

**शोक समाचारः** श्री हकीकत वैद के समधी के.के. अदलखा के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया व दो मिनट का मौन रखा। प्रधान जी ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मान समारोह के बारे में सभी सदस्यों को बताया कि जिनके बच्चों के कक्षा दसवीं व बारहवीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक है वे अपना फार्म भरकर जनरल मोहयाल सभा को भेजें।

**शुभ समाचारः** हकीकत राय वैद जी के घर पौत्र के जन्म पर बधाई दी गई।

सभा में सर्वसम्मति से सभी के घर मीटिंग करवाने का निर्णय लिया गया। गायत्री मंत्र के साथ सभा का समापन हुआ। जलपान के लिए मोहिंदर बक्शी का धन्यवाद किया गया।

***संतोष वैद,*** *प्रधान*
*मो. 9813790076, 8168691327*

## महिला सभा देहरादून

महिला मोहयाल सभा देहरादून ने 12.08.2018 को प्रधान श्रीमती सविता मेहता की अध्यक्षता में तीज महोत्सव बड़ो हर्षोल्लास के साथ पूर्व प्रधान श्रीमती दीपिका मोहन के निवास स्थान विजय पार्क में मनाय। उक्त तीज़ महोत्सव में सभी महिलाओं ने बढ़–चढ़ कर सहयोग दिया। सभी महिलाएँ हरे रंग के वस्त्र में थी। महोत्सव की शुरूआत मोहयाल प्रार्थना और गायत्री मंत्र के साथ शुरूआत हुई, उसके बाद सभी महिलाओं ने झूला झूला। तद्परान्त नीता मोहन ने बहुत ही अच्छे से आई हुई सभी महिलाओं को विभिन्न प्रतियोगिताएँ करवाई व बहुत सारे खेल भी करवाए।

महोत्सव में श्रीमती रीता बाली दत्ता बहुत ही सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। बबीता छिब्बर ने अपनी मधुर आवाज में गीत प्रस्तुति दी, उसके बाद सभी ने सावन के गीत गाए। पासिंग द पार्सल खेल में प्रथम स्थान पर रीता बाली दत्ता और द्विवतीय स्थान पर भव्या वैद रहीं। इसी प्रकार म्यूजिकल चेयर में प्रथम स्थान पर श्रीमती संतोष बाली और द्विवतीय स्थान पर श्रीमती रेखा मोहन उसके उपरांत नीता मोहन ने सभी को तंबोला भी खिलवाया।

अन्त में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया और सभी ने श्रीमती दीपिका मोहन का उनका योगदान देने के लिए पुनः उनका धन्यवाद किया। उन्होंने भी आए हुए सभी महिलाओं का धन्यवाद किया जय मोहयाल के उद्घोष के साथ तीज महोत्सव का समापन किया।

## नज़फगढ़



मोहयाल सभा नजफगढ़ की मासिक बैठक 5.08.2018 को प्रधान श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्रीमती सिम्मी छिब्बर उपप्रधान (मो. 8178745930) पत्नी श्री अनिल कुमार छिब्बर के निवास स्थान (सिम्मी हाईट, आर जैड–15, सूदन गार्डन नियर गुरूद्वारा, नजफढ़, नई दिल्ली 110043) में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई। जिसमें 20 भाई बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष दत्ता ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता ने लेखा–जोखा पेश किया। जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

श्री गोपाल मोहन छिब्बर ने 500 रुपए सभा को दिए। मोहयाल सभा नज़फगढ़ की अगली बैठक 2 सितम्बर 2018 को श्री हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा 22 ओल्ड रोशनपुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली 110043) में प्रातः 10 बजे होगी। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्रीमती सिम्मी छिब्बर उपप्रधान (मो. 8178745930) पत्नी श्री अनिल कुमार छिब्बर को धन्यवाद दिया। सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया।

***शेर जंग बाली,*** *प्रधान* — ***हर्ष दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9871756765* — *मो. 9312174583*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## नारायणगढ़

दिनाँक 12.08.2018 को मोहयाल सभा नारायणगढ़ की मीटिंग श्री कपिल बाली पुत्र श्री हरिकिशन बाली के निवास पर हुई। जिसमें 15 सदस्यों ने भाग लिया। प्रधान श्री टी.के. बाली ने मोहयाल प्रार्थना कराई और उसके बाद सभा की कार्यवाही शुरु की गई।

मोहयाल सभा नारायणगढ़ के सभी सदस्यों ने श्री बी.डी. बाली जी के जन्मदिन पर बधाई दी है। सभा में आय और व्यय का ब्यौरा जनरल सेक्रेटरी एस.के. दत्ता ने रखा जो कि सभा द्वारा पास कर दिया गया।

**शुभ समाचारः** अगस्त माह में जिन सदस्यों का जन्मदिन और विवाह की वर्षगाँठ पड़ती है उसकी बधाई दी है।

**दान राशिः** श्री कपिल बाली ने अपनी तरफ से सभा को 500 रुपए दान किए।

श्री टी.के. बाली ने अपनी पत्नी श्रीमती नीलम बाली के जन्मदिन और अपने पुत्र शिवरूप बाली, पोते सात्विक बाली के जन्मदिन के लिए सभा को 500 रुपए दिए।

श्रीमती अनु बाली पत्नी श्री कपिल बाली की तरफ से मोहयाल सभा नारायणगढ़ को 200 रुपए भेंट किए गए।

श्री अनिल दत्ता निवासी गाँव काठेमाजरा ने अपने पुत्र श्री विकास दत्ता और पुत्रवधू श्रीमती स्वाति दत्ता की शादी के उपलक्ष में 200 रुपए सभा को दान दिए।

श्रीमती बीनू दत्ता पत्नी श्री सुमन कुमार दत्ता ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में सभा को 100 रुपए भेंट किए।

सभा ने इन सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

सभा ने श्रीमती नीलम पत्नी श्री टी.के. बाली और आशीष दत्ता पुत्र सुमन कुमार दत्ता के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना की।

सभा ने निर्णय लिया है कि सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह या अक्टूबर माह के पहले हफ्ते में वृंदावन जाने का प्रोग्राम बना है। जो भी सदस्य वृंदावन जाना चाहते हैं वे अपना नाम श्री सुमन कुमार दत्ता के पास अपना और अपने साथी सदस्यों का नाम लिखवा दें। सभी द्वारा बस का खर्चा वहन किया जाएगा। बाकी खर्च सदस्य खुद वहन करेंगे। मो. 9896126311

सभा का समापन गायत्री मंत्र द्वारा किया गया। शांति पाठ के बाद सभा समाप्त हो गई। अगली मीटिंग गाँव रायवाली में 9 सितंबर को मिलाप मेहता के निवास स्थान पर की जाएगी।

***टी.के. बाली,*** *प्रधान*

***सुमन कुमार दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9896126311*

## पानीपत

सभा की मासिक बैठक 5 अगस्त 2018 को श्री ऋत मोहन के निवास स्थान पर श्री सुरेंद्र दत्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मोहयाल प्रार्थना व गायत्री वंदना के पश्चात निम्नलिखित के निधन पर दो मिनट्स का मौन रखा गया।

1. ले.जन. ज़ोरावर चंद बक्शी का 24 मई 2018 को निधन हो गया था।

2. मेजर जन. मीना दत्ता का निधन 12 जून 2018 को हुआ।

इसके पश्चात श्री सुमित मेहता (मोहन) व श्रीमती तन्नू मेहता (मोहन) का विवाह पश्चात पहली बार मीटिंग पर आने पर स्वागत किया गया। इसी प्रकार से श्री सोनू बाली व श्रीमती राधिका बाली का भी स्वागत किया गया। दोनों नवविवाहित जोड़ों को गुलदस्ता दिया गया। साथ ही मोहन व बाली परिवार को इस अवसर पर बधाई दी गई। आज की सभा में सदस्यों की संख्या काफी अच्छी थी। अतः सभी ने काफी खुशी जताई तथा आशा प्रकट की कि आगे भी इसी प्रकार से उपस्थिति रहेगी। सदस्यों को सूचित किया गया कि जिन बच्चों के दसवीं व बारहवीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक आए हैं वे फार्म भर के जी.एम.एस मुख्यालय में भिजवा दें, ताकि उनका नाम प्रतिभाशाली मोहयाल विद्यार्थी सम्मान में शामिल हो सके।

सदस्यों को ये भी बताया गया कि जो अभिभावक एन.डी.ए., सी.डी.एस. परीक्षा के माध्यम से बच्चों को ऑर्म्ड सर्विसेज में भेजना चाहते हैं उसके लिए एस.एस.बी. की तैयारी कर्नल वैद द्वारा करवाई जाती है। अतः वे इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

जी.एम.एस. प्रधान रायज़ादा बी.डी. बाली का 11 अगस्त 2018 को जन्मदिन है उनको बधाई दी गई, साथ ही उनकी दीर्घायु की कामना की गई। बच्चों व महिलाओं ने तंबोला खेला।

अंत में शांति पाठ के साथ सभा समाप्त हुई। जलपान की व्यवस्था तथा मीटिंग के आयोजन के लिए श्रीमती सुनीता मोहन, श्री ऋत मोहन व तन्मय मोहन का धन्यवाद किया गया। सभा की समाप्ति पर जयपुर मोहयाल सभा के सचिव श्री राकेश बाली अपने परिवार सहित पधारे, उनका स्वागत किया गया।

***नरेन्द्र छिब्बर,*** *सचिव*
*मो. 8222023131, 9416412184*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप की मासिक बैठक 5 अगस्त को मॉडर्न कॉलोनी के जजंघर में मोहयाल प्रार्थना के साथ शुरु हुई, जिसमें 15 मोहयाल भाई–बहनों ने भाग लिया। मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान सतपाल दत्ता ने की। बैठक में मोहयाल बहनों ने काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हम हर महीने मीटिंग में भाग लिया करेंगे। श्रीमती ज्योति मेहता, ललिता वैद ने मोहयाल बिरादरी को आगे बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें हर बिरादरी के दुख सुख में साथ देना चाहिए। इस अवसर पर सभा के प्रधान ने कहा कि अभी तक जिन्होंने मोहयाल मित्र

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

पत्रिका लगवानी है वह राशि जमा करवा दें। सभा की अगली बैठक आई.टी.आई. जजंघर में होगी।

***सुरेंद्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9355310880*

## प्रेमनगर-देहरादून

सभा की मासिक बैठक 22 जुलाई 2018 को श्री जे.एस. दत्ता के निवास स्थान पर हुई। श्री डी.एन. दत्ता, प्रधान की अध्यक्षता में 20



सदस्यों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के पश्चात् सचिव राजेश बाली ने जून महीने की कार्यवाही पढ़ कर सुनाई, जिसका सभी ने अनुमोदन किया।

आज की बैठक में मोहयाल सभा देहरादून के सचिव श्री जे.के. दत्ता एवं उपप्रधान श्री प्रमोद मेहता विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में पधारे। प्रधान श्री डी.एन. दत्ता ने इन दोनों महानुभावों का स्वागत किया एवं आज की बैठक में उपस्थित होने पर इनका धन्यवाद किया। नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष श्री गंगा प्रसाद लौ ने आय–व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जिसका सभी ने अनुमोदन किया।

देहरादून सभा के सचिव श्री जे.के. दत्ता अपने विचार रखते हुए सभी मोहयाल भाई–बहनो से एकता बनाए रखने पर जोर दिया और कहा कि जी.एम.एस. को स्थानीय सभा के कार्यकलाप में हस्तक्षेप न करने का अनुरोध किया।

सभा में श्री रमेश दत्ता एवं श्रीमती नूतन वशिष्ठ ने सुन्दर भजन सुनाए। सभी ने इसका आनन्द लिया। प्रधान श्री डी.एन. दत्ता ने बताया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा में खीर का प्रसाद बाँटा जाएगा। जिसका सभी ने स्वागत किया।

बैठक की समाप्ति गायत्री मंत्र के पाठ से हुई। श्री डी.एन. दत्ता, प्रधान ने श्रीमती एवं श्री जे.एस. दत्ता का अल्पहार एवं जलपान के लिए धन्यवाद दिया। सभी ने श्रीमती जगदीश कौर पत्नी श्री जे.एस. दत्ता द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट छोले की प्रशंसा की। सभा की अगली बैठक श्री डी.एन. दत्ता प्रधान के निवास स्थान पर होगी।

***राजेश बाली,*** *सचिव*
*मो. 9758135583*

## स्व. सोमनाथ शास्त्री लव को श्रद्धांजलि


शास्त्री जी सनातन धर्म के प्रभावी प्रवक्ता तथा प्रचारक थे। वे उत्तर भारत में एक प्रसिद्ध धर्मनिष्ठ और एक कर्म–निष्ठ के नाम से ही जाने जाते थे। वे अपने प्रवचनों में कहा करते थे कि "उसकी" शरण में जाने के लिए इस जीव को अपने मन–वचन–कर्म से ऐसे उसका "नाम" लेना पड़ता है कि वह स्वयं को उसके अर्पण कर देवे। दैहिक परित्याग कर देवे तभी "वह" प्राप्त हो सकता है।

कर्म की थ्योरी को वे प्रमुखता देते थे। ऐसे कृष्ण भक्त शास्त्री जी का एक ही मन्त्र था चरैवेति–चरैवेति अर्थात् चलते रहे–चलते रहो। इसी मन्त्र का पालन करते हुए उन्होंने 13 सितंबर 2003 को उस परमात्मा की शरण में मोक्ष प्राप्त किया। ऐसे व्यक्ति जो धार्मिक तो थे ही सामाजिक भी थे। उनका स्मरण करते हुए– नरेन्द्र लव (भतीजा) 500 रुपए जी. एम.एस. के शिक्षा फण्ड में अर्पित करते हैं।

***नरेन्द्र लव,*** *गोवर्धन बिहारी कालोनी, शाहदरा दिल्ली 110032*
*मो. 9911564481*

## स्व. श्री मदनलाल वैद की 17वीं पुण्यतिथि

स्वर्गीय श्री मदन लाल वैद सुपुत्र स्वर्गीय श्रीमती मैना देवी व स्वर्गीय श्री ब्रह्म दत्त वैद, गाँव बुराड़ी सरगोथा पाकिस्तान की 17वीं पुण्यतिथि दिनाँक 26.05. 2018 पर उनके पौते मोहित वैद 4325/3, नाहन हाउस अंबाला शहर ने 250 रुपए मोहयाल आश्रम हरिद्वार लंगर फण्ड हेतु भेंट किया। साथ ही उनकी पौती ने 250 रुपए मोहयाल सभा अंबाला शहर को अपने दादा जी की स्मृति में भेंट किए। ओम् शांति शांति शांति!



***पंकज बाली,*** *प्रधान मोहयाल यूथ विंग अंबाला*
*मो. 08950516822*


## मोहयाल आश्रम वृंदावन

मोहयाल आश्रम वृंदावन पधारें, हम आपके स्वागत के लिए तैयार हैं। श्रीकृष्ण और राधा जी की लीलास्थली में बना आश्रम समस्त सुविधाओं से सुसज्जति हैं। सपरिवार तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम बनाएँ।





PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# PRATIBHASHALEE MOHYAL VIDYARTHEE SAMMAN –2018

***Classes Secondary (Class X) and Sr. Secondary (Class XII)***
***(Only for Mohyal Students)***

**Eligibilty: 85% and above** **Last Date: 25th September 2018**

1. Name: ............................................................... **(Caste– Bali, Bhimwal, Chhibber, Dutta, Lau, Mohan, Vaid)**
2. Mother's Name: .......................................................................................................................
3. Father's Name: ............................................................................. (Caste .....................................)
4. Date of Birth: ............................................................................... (Class passed .........................)
5. Residential Address: ...........................................................................................................

   ...........................................................................................................

   Mobile No. ........................................................ Phone No. ........................................

   E-mail: ...........................................................................................................
6. Name and address of School: .......................................................................................................

   ...........................................................................................................

**7. Marks / Grades in Five compulsory subjects**

| **Subject** | **Marks / Grades** |
|---|---|
| **1** | |
| **2** | |
| **3** | |
| **4** | |
| **5** | |
| **Total Marks .....................** | **Percentage .....................** |

.....................................
**Signature of Student**

...........................................................................
**Signature of Mother/Father/Guardian**

## Attach with Form:

1. Attested marks sheet - 2018 Board Examination
2. Three latest passport size colour photographs, (not in school uniform). Write Name, Address and Mobile No. on the back of the photograph.

## Send Form at the following address:

**Dr. Ashok Lav, Convenor, Pratibhashalee Mohyal Vidyarthee Samman, General Mohyal Sabha, A-9, Qutab Institutional Area, USO Road, Jeet Singh Marg, New Delhi-110067.**
**Ph.: 011-26560456, 26561504, 41783232**

(a) You can send forms also through Local Mohyal Sabhas.

(b) Only Mohyal Students with caste– Bali, Bhimwal, Chhibber, Dutta, Lau, Mohan, Vaid are eligible.



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor